टीके की जानकारी का वक्तव्य

# पोलियो का टीका: *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**पोलियो का टीका पोलियो** को रोक सकता है।

पोलियो (या पोलियोमाइलाइटिस) पोलियोवायरस के कारण होने वाली एक अक्षम और जीवन को जोखिम में डालने वाली बीमारी है, जो किसी व्यक्ति की रीढ़ की हड्डी को संक्रमित कर सकती है, जिससे पक्षाघात हो सकता है।

पोलियोवायरस से संक्रमित अधिकांश लोगों में कोई लक्षण नहीं होते हैं, और कई लोग बिना किसी जटिलता के ठीक हो जाते हैं। कुछ लोगों को गले में खराश, बुखार, थकान, मतली, सिरदर्द या पेट दर्द का अनुभव होगा।

लोगों का एक छोटा समूह अधिक गंभीर लक्षण विकसित करेगा जो मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी को प्रभावित करते हैं:
- पारेस्थेसिया (पैरों में पिन और सुई की चुभन की भावना),
- मेनिनजाइटिस (रीढ़ की हड्डी और/या मस्तिष्क के आवरण का संक्रमण), या
- पक्षाघात (शरीर के कुछ हिस्सों को हिला नहीं सकता) या हाथ, पैर या दोनों में कमजोरी।

पक्षाघात पोलियो से जुड़ा सबसे गंभीर लक्षण है क्योंकि इससे स्थायी विकलांगता और मृत्यु हो सकती है।

अंग पक्षाघात में सुधार हो सकता है, लेकिन कुछ लोगों में 15 से 40 साल बाद मांसपेशियों में नया दर्द और कमजोरी विकसित हो सकती है। इसे "पोस्ट-पोलियो सिंड्रोम" कहा जाता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका से पोलियो का सफाया कर दिया गया है, लेकिन यह अभी भी दुनिया के अन्य भागों में होता है। स्वयं को बचाने और संयुक्त राज्य अमेरिका को पोलियो मुक्त रखने का सबसे अच्छा तरीका टीकाकरण के माध्यम से पोलियो के खिलाफ आबादी में उच्च प्रतिरक्षा (सुरक्षा) बनाए रखना है।

## 2. पोलियो का टीका

**बच्चों** को आमतौर पर 2 महीने, 4 महीने, 6-18 महीने और 4-6 साल की उम्र में पोलियो के टीके की 4 खुराकें मिलनी चाहिए।

अधिकांश **वयस्कों** को पोलियो के टीके की आवश्यकता नहीं होती है क्योंकि उन्हें बच्चों के रूप में पोलियो के खिलाफ पहले से ही टीका लगाया गया था। कुछ वयस्कों को अधिक जोखिम होता है और उन्हें पोलियो टीकाकरण पर विचार करना चाहिए, जिनमें शामिल हैं:
- दुनिया के कुछ हिस्सों की यात्रा करने वाले लोग
- प्रयोगशाला कर्मचारी जो पोलियोवायरस को संभाल सकते हैं
- स्वास्थ्य देखभाल कार्यकर्ता उन रोगियों का इलाज कर रहे हैं जिन्हें पोलियो हो सकता है
- गैर-टीकाकृत लोग जिनके बच्चों को ओरल पोलियोवायरस वैक्सीन दी जाएगी (उदाहरण के लिए, अंतरराष्ट्रीय गोद लेने वाले या शरणार्थी)

पोलियो का टीका स्टैंड-अलोन वैक्सीन के रूप में या संयोजन वैक्सीन के हिस्से के रूप में दिया जा सकता है (वैक्सीन का एक प्रकार जो एक से अधिक वैक्सीन को एक शॉट में एक साथ मिलाता है)।

पोलियो के टीके को अन्य टीकों के साथ दिया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात कर

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:
- **पोलियो के टीके की पिछली किसी खुराक के बाद एलर्जी प्रतिक्रिया हुई थी**, या उसे कोई **गंभीर, जीवन के लिए खतरनाक एलर्जी है**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता भविष्य के मुलाकात तक पोलियो टीकाकरण को स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले शिशुओं का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें आम तौर पर पोलियो का टीका लेने से पहले ठीक होने की प्रतीक्षा करनी चाहिए।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाओं के लिए इस टीके के जोखिमों के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। हालांकि, पोलियो का टीका दिया जा सकता है यदि गर्भवती व्यक्ति को संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और उसे तत्काल सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

## 4. टीके के लिए प्रतिक्रिया के जोखिम

- पोलियो टीकाकरण के बाद जहां शॉट दिया गया है वहां दर्द, ललाई या सूजन हो सकती है।

कभी-कभी लोग टीकाकरण सहित, चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम

नेशनल वैक्सीन इंज्युरी कॉम्पेंसेशन प्रोग्राम (National Vaccine Injury Compensation Program, VICP) एक संघीय कार्यक्रम है जो उन लोगों को मुआवजा देने के लिए बनाया गया था जो कुछ प्रकार के टीकों से जख्मी हो सकते हैं। टीकाकरण के कारण लगने वाली कथित चोट या मृत्यु के बारे में दावों को फाइल करने के लिए एक समय सीमा होती है, जो दो साल जैसी छोटी अवधि हो सकती है। प्रोग्राम और किसी दावे को भरने के बारे में जानने के लिए VICP वेबसाइट **www.hrsa.gov/vaccinecompensation** पर जाएं या **1-800-338-2382** पर कॉल करें।

## 7. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य के स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- टीके के पैकेज इनसर्टों और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य और औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636 (1-800-CDC-INFO)** पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org